प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का टाटा मोटर्स में हुआ चयन

पंतनगर। 24 जनवरी 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय का सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का देश की नामी कम्पनियों में अच्छे पैकेज पर चयन हेतु प्रयासरत है। हाल ही में मैसर्स टाटा मोटर्स कम्पनी, जो आटोमोबाइल मोबाईल इंडस्ट्रीज में विशेष स्थान रखती है, के अधिकारी बडे अंतराल के बाद विश्वविद्यालय में सेवायोजन (प्लेसमेंट) हेतु आये। कम्पनी में चयन हेतु विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों के 110 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किया गया। विद्यार्थियों की आनलाईन परीक्षा में 10 विद्यार्थियों को उपयुक्त पाया गया तथा अंत में साक्षात्कार के पश्चात 03 विद्यार्थियों को योग्य पाया, जिनमें श्री दीपक पाठक एवं श्री रवि राणा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा कुमारी सानिया हर्बोला इलैक्ट्रीकल्स इंजीनियरिंग सम्मिलित हैं। इन विद्यार्थियों को कम्पनी द्वारा 7.0 लाख रूपये प्रतिवर्ष का पैकेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि हाल ही में कई अन्य कम्पनियों द्वारा भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की है। प्राध्यापक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ डा. अखिलेश कुमार, ने इन सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं तथा डा. कुमार ने बताया कि ऑटो मोबाइल सेक्टर की अन्य दो कम्पनियों सुजुकी मोटर्स तथा यामाहा मोटर्स के ऑनलाइन टेस्ट हो चुके है और जल्द ही इन कम्पनियों के अधिकारी साक्षात्कार हेतु विश्वविद्यालय में उपस्थित होंगे।

श्री दीपक पाठक

श्री रवि राणा

कुमारी सानिया हर्बोला

श्री दीपक पाठक २. श्री रवि राणा तथा ३. कुमारी सानिया हर्बोला